**BALMER LAWRIE & CO LTD**
**Greases & Lubricants**
**P-43, HIDE ROAD EXTENSION**
**KOLKATA – 700 088**

Phone : +91 (33) 2450 0116, Fax : +91 33 24392277
e-mail : ghatak.a@balmerlawrie.com

**Tender No. : GLK/TE20/011, dated 29th May'2020**

**Due Date : 20th June'2020 ; 14.00 hrs IST**

Electronic bids are invited from manufacturer for additive for Gear Oil as per technical specifications and terms and conditions as follows :

1.0 Technical Specifications

| | |
|---|---|
| **Industrial** | **US Steel 224 , AGMA 250.04 , DIN 51517 Part 3 ,IS : 8406 - 1993 ( RA 2019)** |
| **Automotive** | **API GL 4 , IS : 1118 - 2019** |
| **Automotive** | **API GL 5 , IS : 1118 - 2019** |

2.0 Quality Assurance

- Bidder should ensure that the technical specification of the tender should be fulfilled without any deviation. Supporting test results / certificates / rig test certificates to be submitted showing conformity to the tender specifications. Bids with any technical deviations will not to be considered for further evaluation. However, BL may ask for further clarifications if required during evaluation stage.
- All supplies made shall be accompanied by test certificate conforming to above specification. Issue of test certificate will not prejudice our right to carry out further checks and decide whether the material supplied is meeting our specification. The vendor shall be responsible for quality assurance for the material. The vendor shall use proper operating practices to ensure all quality parameters so that supplies meet the requirements as specified in the tender.

Vendor shall take back all rejected material due to whatsoever reasons, within 7 (seven) working days of informing the same. In case the vendor fails to do so, BL shall have right to dispose off the defective material at the risk and cost of the supplier.

3.0 Total Additive Quantity : MT, packed in barrels

| Locations | Additive Requirement for Industrial Gear Oil | Additive Requirement for Automotive Gear Oil GL 4 | Additive Requirement for Automotive Gear Oil GL 5 |
|---|---|---|---|
| Kolkata | 10 | 4 | 4 |
| Silvassa | 12 | 7 | 7 |
| Chennai | 4 | 2 | 2 |

3.1 Delivery Schedule

The delivery of additives as above will be based on our call up from individual plants. The materials are to be supplied / delivered within 14 (fourteen) days for Kolkata / Chennai and 7 (seven) days in case of Silvassa Plant, from the date of call up or within seven days of scheduled delivery date to be informed minimum 15 days in advance.

3.2 Validity of Contract

The contract will be valid for Nine months from the date of issue of contract (s) or till the execution of full quantity whichever is earlier. Contract may extend for another six months with same rate & terms and conditions on mutual consent.

4.0 Offer Validity: The offer must be valid for our acceptance for 60 days from the due date of the tender.

5.0 Earnest Money Deposit (EMD) & Security Deposit (SD)

5.1 The bidder shall furnish a sum of Rs.130,000/-(Rupees One lakh thirty thousand only) as Earnest Money Deposit (EMD) along against this tender by a/c payee pay order /demand draft / online bank transfer (in NEFT/ RTGS/IMPS mode) or non-revocable bank guarantee from Schedule 'A' bank in favour of **Balmer Lawrie & Co. Limited** payable at **Kolkata.** The earnest money deposit of the unsuccessful bidders will be refunded after finalization of the order. Earnest money deposit of the successful bidder will be retained till security deposit is received at our end. Tenders submitted without EMD shall be rejected. EMD shall not bear any interest. The Bank Guarantee for EMD shall remain in force for the validity period of the offer and shall be extendable on request made by BL prior to expiry of the Bank Guarantee. Bank Guarantee should be strictly in the prescribed format given in this tender.

5.2 For successful bidder EMD shall be released once Security Deposit is submitted. EMD will be forfeited in case of:

a) Failure of the bidder to honor their offer.
b) Bidder withdraw their offer before expiry of validity period.
c) Inability to perform satisfactorily after receipt of contract/order in case of successful bidder. No interest is payable on EMD.

5.3 SECURITY DEPOSIT :
The successful bidder shall submit within 21 days of issue of LOI / contract an interest free security deposit (SD) towards the satisfactory execution of the contract. SD shall be 2.0 % of the total contract value. Failure to submit SD shall entitle BL to the right to cancel the contract without further recourse to the bidder and forfeit the EMD. SD can also be furnished by a Bank guarantee on a schedule 'A' bank, in the format prescribed in the tender. The SD shall be released after completion of the contract period, subject to satisfactory performance. Failure to comply with the requirements of the contract during execution of the contract shall make the SD liable for forfeiture.

**5.4** Provisions for Micro & Small Enterprises ( MSE) :

(a) Qualification Criterion : MSE vendor must confirm that UAN No has been uploaded on CPPP website as required by minister vide circular no F:No21(17) / 2016 dated 06.04.18 for qualifying to be considered as MSME vendor under this tender.

(b) Micro & small scale manufacturing units registered with MSME/ NSIC are exempted from payment of EMD. Small scale units registered with MSME / NSIC should enclose a copy of their valid registration certificate to make their bid eligible for consideration.

(c) Preference for Price Quotation in tenders : Participating Micro and Small Enterprises quoting price within price band of L1+15 per cent shall also be allowed to supply a portion of requirement by bringing down price to L1 price in a situation where L1 price is from someone other than a Micro and Small Enterprises. Such Micro and Small Enterprises shall be allowed to supply up to maximum 25 per cent of total tendered quantity for the grade at the respective plant subject to assessment of operational feasibility by tendering authority.

(d) The above provisions are meant for procurement of any goods produced by the MSE's & not to any trading activities done by them.

6.0 P<u>ayment Terms</u> : 100 % payment along with all taxes shall be payable after 30 – 90 days (vendor to specify) from the date of receipt of material at our plants. Vendors specifying higher credit period would be given advantage in price calculation as per prevailing BL interest rate.

7.0 Part Order / Split Order/ Bid Evaluation Criteria

There will be no part / split order. The order quantity will be given to location wise, grade wise L1 bidder only. The L1 rate will be arrived based on net additive treat cost after considering input tax credit & Base Oil credit.

8.0 Risk purchase

Without prejudice to other provisions in the tender, in the event of the vendor failing to supply within the 15 days of issuance of call-up by e-mail/fax, BL shall have the right and option to procure the product from alternate sources, at the risk and cost of the vendor, without further intimation and the differential cost will be recovered from the pending invoice(s) of the vendor.

**9.0 GST** : The Bidders should clearly mention GST, Freight charges for door delivery and any other charges separately.

**Note :** The vendor should compulsorily follow all the provisions of GST law and in the event of any default of complying with any of the provisions of GST law Balmer Lawrie would exercise the right for non payment or withholding payment or black listing the vendor.

10.0 Addenda / Corrigendum :

Any amendment / corrigendum, as and when required, will be uploaded only on the

website of the company www.balmerlawrie.com and BL e-proc site, https://balmerlawrie.eproc/.in and related GOI e-procurement websites where this tender is floated and interested vendors should regularly visit these websites for updating.

11.0 **Arbitration**

Disputes or differences arising out of or in relation to agreement/ contract shall be referred to the Chairman and Managing Director (C&MD) of BL who may either act himself/herself as Sole Arbitrator or nominate some officer of BL to act as an Arbitrator to adjudicate the disputes and differences between the parties (except those in respect of which the decision of any person is by the contract expressed to be final and binding).The supplier shall not be entitled to raise any objection to the appointment of such officer of BL as the sole arbitrator on the ground that the said officer is an officer of BL or that he/she in the course of duties as an officer of BL he/she has/had expressed views on all or any of the matters in dispute or difference.

The award of the arbitrator shall be final, conclusive and binding on all the Parties to the agreement subject to the provisions of the Indian Arbitration and Conciliation Act, 1996 and the rules made thereunder for the time being in force.

The award shall be made in writing and published by the Arbitrator within six months of entering upon the reference or within such further time mutually extended by the parties. The arbitrator shall have power to order and direct the parties to abide by, observe and perform all such

directions as the arbitrator may think fit and proper to issue having regard to the fact that the arbitration proceedings have to be completed within the specified period solely on the principles of Natural Justice.

The arbitrator shall have power to make one or more awards whether interim or otherwise in respect of the dispute and differences and in particular shall make separate awards in respect of each claim or cross claims of the parties.

The arbitrator shall be entitled to direct any of the parties to pay the costs of arbitration in such manner and to such extent as a arbitrator may in his discretion determine and shall also be entitled to require one or both the parties to deposit funds in such proportions to meet the arbitration expenses. The parties to arbitration whenever called upon to do so shall be bound to comply with such direction without any demur.

Notwithstanding anything contained in any other law, the Parties hereby agree that the courts in the city of Kolkata alone shall have jurisdiction in respect of all or anything arising under this agreement and any award or awards made by the sole arbitrator hereunder shall be filed in the courts in the city of Kolkata only.

## 12.0 <u>**Compliance with Regulations**</u>

Bidder(s) will warrant that all goods and services covered by this agreement/contract shall have been produced, sold, supplied, dispatched, delivered and furnished in strict compliance with all applicable laws, regulations, labour agreements, working conditions and technical codes and requirements as applicable from time to time. The supplier shall execute and deliver such documents as may be required to effect or to evidence such compliance.

All laws and regulations required to be incorporated in this charter are hereby deemed to be incorporated by these references. BL and their authorized representatives disown any responsibility for any irregularity, contravention or infringement of any statutory regulations in the manufacture and / or supply of goods /services covered by this agreement/contract.

## 13.0 <u>**Force Majeure**</u>

Any delay in or failure of the performance of either party hereto shall not constitute default hereunder or give rise to any claims for damage, if any, to the extent such delays, failure of performance is caused by occurrences such as Acts of God or an enemy, decrees of any government or governmental authority, acts of war, rebellion, sabotage or fires, floods, explosions, riots, or strikes. The Vendor shall keep records of the circumstances referred to above and bring these to the notice of the concerned officer of the buyer in writing within 7 days on such occurrences. The amount of time, if any, lost on any of these counts shall not be counted for the contract period. The decision of the buyer arrived at after consultation with the vendor, shall be final and binding. Such period of time shall be extended by the buyer to enable the Vendor to deliver the items within such extended period of time.

As soon as the cause of Force Majeure been removed, the party whose liability to perform its obligation has been affected shall notify the other of such cessation and inform the other party the actual delay incurred in such affected activities. Any such event, whenever it occurs, provided that it prevents, affects or delays the party in performing contractual obligation, shall justify the claim of Force Majeure.

## 14. TENDER CANCELLATION

The tender may be cancelled due to any unforeseen / unavoidable circumstances or due to any other reason at any stage of the tender processing as per the sole discretion of BL and BL is not liable to provide any reason to the applicants for the same.

Arnab Ghatak
Senior Manager ( SCM )

Balmer Lawrie & Co. Ltd
SBU-Grease & Lubricants,
P-43, Hide Road Extecsion,
Kolkata-700088
Tel: +91 33 2450 0116
Fax: +91 33 24392277
E mail: ghatak.a@balmerlawrie.com

## CONDITIONS FOR ONLINE BID SUBMISSION

1.0 Procedure for Bid Submission

The bidder shall submit his response through bid submission to the tender on e-Procurement platform at https://balmerlawrie.eproc/.in by following the procedure given below. The bidder would be required to register on the e-procurement market place at https://balmerlawrie.eproc/.in and submit their bids online. No offline bids shall be entertained by the Tender Inviting Authority. The bidders shall submit their eligibility and qualification documents, Technical bid, Financial bid etc., in the standard formats prescribed in the Tender documents, displayed in e-procurement web site. The bidders shall upload the scanned copies of all the relevant certificates, documents etc., if required, in support of their eligibility criteria/technical bids in the e-procurement web site. However, bulky documents need not be scanned and uploaded but physical copy of the same should be sent to the Tender Inviting Authority office before the tender opening date. The bidder shall sign on the statements, documents, certificates, uploaded by him, owning responsibility for their correctness/authenticity.

2.0 Registration with e-Procurement platform

For registration and online bid submission bidders may contact HELP DESK of M/s C1 India Pvt., Ltd., or they can register themselves online by logging in to the website https://balmerlawrie.eproc/.in

3.0 Digital Certificate authentication

The bidder shall authenticate the bid with his Digital Certificate for submitting the bid electronically on e-procurement platform and the bids not authenticated by digital certificate of the bidder will not be accepted on the e-procurement platform. All the bidders who do not have Digital Certificates need to obtain Digital Certificate. They may contact Help Desk of C1 India Pvt Ltd.

M/s C1 India Pvt Ltd.
C104, Sector 2, Noida - 201301

Contact Person :

Mr. Tuhin Ghosh, Ph- 08981165071 : e-mail: tuhin.ghosh@c1india.com
Mr. Tirtha Das, e-mail id : tirtha.das@c1india.com , Contact No:
+91- 9163254290

4.0 Submission of Hard copies

Before submission of bid online, the bidders are requested to submit the technical literature indicating treat level and EMD through courier / e-mail as applicable so as to reach us before opening of tender on-line.

5.0 <u>Corrigendum to tender</u>

The bidder has to keep track of any changes by viewing the addendum / Corrigendum's issued by the Tender Inviting Authority on time-to-time basis in the e-Procurement platform. The Company calling for tenders shall not be responsible for any claims/problems arising out of this.

6.0 <u>Bid Submission Acknowledgement</u>

The user should complete all the processes and steps required for bid submission. The successful bid submission can be ascertained once acknowledgement is given by the system through bid submission number after completing all the processes and steps. Tender Inviting Authority and C1 India Pvt. Ltd. will not be responsible for incomplete bid submission by users. Users may also note that the incomplete bids will not be saved by the system and are not available for the Tender Inviting Authority for processing.

Before uploading scanned documents, the bidders shall sign on all the statements, documents, certificates uploaded by him, owning responsibility for their correctness / authenticity

## PROFORMA OF BANK GUARANTEE

## IN LIEU OF EARNEST MONEY DEPOSIT

In consideration of M/s Balmer Lawrie & Co. Ltd. having its Registered Office at 21, Netaji Subhas Road, Kolkata 700 001 (hereinafter called the “Purchaser") having agreed to exempt M/s. _________________ (hereinafter called "the Bidder") from payment of Earnest Money against Tender No.__________________ dated _______ by Purchaser, on production of a Bank Guarantee for Rs.____________ (Rupees _________________ only), We Bank do hereby undertake to indemnify and keep indemnified the Purchaser to the extent of Rs_____ against any loss or damage caused to or suffered by the Purchaser by reason of any breach by the said Bidder of any of the terms and conditions contained in the Tender Notice / documents.

We, Bank further agree that the guarantee herein contained shall remain in full force and effect during the period that would be taken for the finalisation of the said Tender and that it shall continue to be enforceable till the Tender is finally decided and order placed on the successful Bidder.

We, Bank Further agree that the Purchaser shall be sole judge of and as to whether the said Bidder has committed any breach or breaches of any of the terms and conditions of the tender/or the contract and the extent of loss, damage, costs, charges and expenses caused to or suffered by or that may be caused to or suffered by the Purchaser on account thereof to the extent of the earnest money required to be deposited by the Bidder in respect of the said tender or the contract and the decision of the Purchaser that the said Bidder has committed such breach or breaches and as to the amount or amounts of loss, damage, costs, charges and expenses caused to or suffered by or that may be caused to or suffered by the Purchaser from time to time shall be final and binding on us.

Notwithstanding anything contained in foregoing, our liability under this guarantee is restricted to Rs.________________. The Guarantee shall remain in force till _________. Unless a claim under this Guarantee is made within three months from the date hereinbefore mentioned, the Purchaser's rights under the said guarantee shall be forfeited and we shall be released and discharged from all liabilities thereunder. We, the Bank lastly undertake not to revoke this guarantee during its currency except with the previous consent of the Purchaser in writing.

Date : _______________

Place : _______________

## PROFORMA OF BANK GUARANTEE

## IN LIEU OF SECURITY DEPOSIT

WHEREAS M/s Balmer Lawrie & Co. Ltd. (hereinafter called the Purchaser) has placed an Contract on M/s __________________ in terms of the Purchaser's Contract No. dated. for the execution of Work as per Tender No.___________________ at a total cost of Rs. approx.

AND WHEREAS the said Purchaser has called upon the said Vendor / Contractor to give a Bank Guarantee for Rs____________ security for the fulfillment of the terms and conditions contained in the said Agreement.

AND WHEREAS the said Purchaser has agreed to accept a Guarantee from , Bankers of the said Vendor / Contractor, WE, the said Bankers, do hereby undertake to indemnify the Purchaser to the extent of Rs. being the 2 % of the contract value against any loss or damage caused to or suffered by the Purchaser by reasons of any breach by the said Vendor / Contractor of any terms and conditions of the said Agreement.

WE, the said Bankers, further agree that the guarantee herein contained shall initially remain in full force and effect upto and inclusive of four months from the date of expiry of contract. The guarantee shall be renewed as may be required based on status of completion of all works by the vendor / contractor at the request of the Purchaser in writing, received by us before the expiry of the validity of this guarantee.

Our liability under this guarantee is restricted to Rs.____ , We, the said Bankers, lastly undertake not to revoke this guarantee during its currency except with the previous consent of the Purchaser in writing. Our guarantee shall remain in force for the purpose of registering a Claim within validity period of the guarantee and unless a suit or action to enforce the claim under this guarantee is filed against us within 15 days of the date of expiry of the guarantee, all rights under this guarantee shall be forfeited and we shall be relieved and discharged from all liabilities hereunder.

Place : _______________

Date : _______________

**बामर लॉरी एण्ड कंपनी लिमिटेड**
**ग्रीसेस एंड लुब्रीकेंट्स**
**पी-43, हाइड रोड एक्सटेंशन**
**कोलकाता - 700 088**

फोन: +91 (33) 2450 0116, फैक्स: +91 33 24392277
ईमेल: ghatak.a@balmerlawrie.com

**निविदा सं. : GLK/TE20/011, दिनांक 29 मई, 2020**
**नियत तिथि : 20 जून, 2020; 14.00 बजे भा.मा.स**

नीचे दी गई तकनीकी विशिष्टियों और नियम एवं शर्तों के अनुसार, गियर ऑयल हेतु ऐडिटिव के विनिर्माताओं से इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

1.0 तकनीकी विशिष्टियां

| | |
|---|---|
| **इंडस्ट्रीयल** | **US Steel 224 , AGMA 250.04 , DIN 51517 Part 3 ,IS : 8406 - 1993 ( RA 2019)** |
| **ऑटोमैटिव** | **API GL 4 , IS : 1118 - 2019** |
| **ऑटोमैटिव** | **API GL 5 , IS : 1118 - 2019** |

2.0 गुणवत्ता आश्वासन

- बोलीदाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि निविदा की तकनीकी विशिष्टियां बिना किसी चूक के पूरी की जाए। सपोर्टिंग टेस्ट रिजल्ट/प्रमाणपत्र/रिग टेस्ट प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे, जो निविदा

की विशिष्टियों के अनुरूप होने चाहिए। किसी तकनीकी कमी वाली बोली पर मूल्यांकन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि बीएल मूल्यांकन के चरण में जरूरी होने पर स्पष्टीकरण मांग सकता है।

- प्रस्तुत की गई सभी सामग्रियां उपरोक्त विशिष्टि के अनुरूप परीक्षण प्रमाणपत्र के साथ होनी चाहिए। परीक्षण प्रमाणपत्र का मुद्दा आगे की जांच करने और आपूर्ति की गई सामग्री हमारी विशिष्टि के अनुरूप है या नहीं, इसका निर्णय लेने के हमारे अधिकार को प्रभावित नहीं करेगा। सामग्री की गुणवत्ता आश्वासन की जिम्मेदारी वैंडर की होगी। वैंडर सभी गुणवत्ता मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रचालन पद्धतियों का उपयोग करेगा ताकि सामग्रियां निविदा में निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा कर सकें।

  वैंडर अस्वीकार की गई सामग्री, चाहे कारण कोई भी हों, को इसकी सूचना मिलने के 7 (सात) कार्यदिवसों के भीतर वापस ले लेगा। अगर वैंडर ऐसा करने में विफल रहता है तो बीएल को आपूर्तिकर्ता के जोखिम और लागत पर खराब सामग्री का निपटान करने का अधिकार होगा।

3.0 <u>कुल ऐडिटिव मात्रा</u>: एमटी, बैरल में पैक

| **स्थान** | **इंडस्ट्रीयल गियर ऑयल के लिए ऐडिटिव की आवश्यकता** | **ऑटोमैटिव गियर ऑयल जीएल 4 के लिए ऐडिटिव की आवश्यकता** | **ऑटोमैटिव गियर ऑयल जीएल 5 के लिए ऐडिटिव की आवश्यकता** |
|---|---|---|---|
| कोलकाता | 10 | 4 | 4 |
| सिलवासा | 12 | 7 | 7 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 |

3.1 <u>डिलीवरी अनुसूची</u>

उपरोक्त ऐडिटिव की डिलीवरी एकल संयंत्रों से हमारी मांग (कॉल अप) के अनुसार होगी। कोलकाता/चेन्नई के लिए कॉल अप की तिथि से 14 (चौदह) दिनों के भीतर और सिलवासा संयत्र के लिए 7 (सात) दिनों के भीतर सामग्रियों की आपूर्ति/डिलीवरी की जाएगी या निर्धारित डिलीवरी तिथि के सात दिनों के भीतर और कम से कम 15 दिन पहले सूचित करना होगा।

3.2 <u>संविदा की वैधता</u>

यह संविदा, संविदा (संविदाएं) जारी होने की तिथि से नौ माह या पूरी मात्रा के निष्पादन होने, इनमें से जो भी पहले हों, तक वैध रहेगी। संविदा को परस्पर सहमति के आधार पर उसी दर और नियम एवं शर्तों के साथ और छह माह के लिए बढ़ाया जा सकता है।

4.0 <u>प्रस्ताव की वैधता</u> : हमारी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव निविदा की नियत तिथि से 60 दिनों के लिए वैध होगा।

5.0 <u>बयाना राशि (ईएमडी) और प्रतिभूति राशि (एसडी)</u>

**5.1** बोलीदाता **बामर लॉरी एंड कं. लिमिटेड** के पक्ष में **कोलकाता में** देय एकाउंट पेई पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ऑनलाइन बैंक ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस मोड में) या अनूसूची 'क' बैंक की नॉन रिवोकेबल बैंक गारंटी के रूप में निविदा के लिए 1,30,000/- (एक लाख तीस हजार रुपये मात्र) की बयाना जमाराशि प्रस्तुत करेगा। ऑर्डर फाइनल होने के बाद, असफल बोलीदाताओं की बयाना जमाराशि वापस कर दी जाएगी। सफल बोलीदाताओं की बयाना राशि को हमारे द्वारा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने तक रोक कर रखा जाएगा। ईएमडी के बिना प्रस्तुत की गई निविदाओं को निरस्त कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। ईएमडी हेतु बैंक गारंटी प्रस्ताव की वैध अवधि के लिए मान्य रहेगी और बैंक गारंटी के समाप्त होने से पहले बीएल द्वारा अनुरोध पर इसका विस्तार किया जा सकता है। बैंक गारंटी इस निविदा में दिए गए फार्मेट में होनी चाहिए।

5.2 प्रतिभूति राशि जमा किए जाने पर सफल बोलीदाताओं की ईएमडी जारी कर दी जाएगी। निम्नलिखित मामलों में ईएमडी जब्त कर ली जाएगी:

क) बोलीदाता द्वारा अपने प्रस्ताव को पूरा न कर पाना
ख) बोलीदाता द्वारा वैधता अवधि समाप्त होने से पहले अपने प्रस्ताव को वापस ले लेना
ग) सफल बोलीदाता द्वारा ठेका/ऑर्डर मिलने के बाद, संतोषजनक तरीके से इसे पूरा करने में असमर्थ रहना। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

5.3 प्रतिभूति राशि:

सफल बोलीदाताओं को संविदा के संतोषजनक निष्पादन के लिए ब्याज मुक्त प्रतिभूति राशि (एसडी) एलओआई / संविदा जारी करने की तारीख से 21 दिनों के भीतर प्रस्तुत करनी होगी। एसडी संविदा के कुल मूल्य का 2.0 प्रतिशत होगी। एसडी प्रस्तुत करने में विफल रहने पर बीएल को बोलीदाता को और मौका दिए बगैर संविदा को रद्द करने और ईएमडी जब्त करने का अधिकार होगा। निविदा में दिए फार्मेट में अनूसूची 'क' बैंक की बैंक गारंटी के रूप एसडी प्रस्तुत की जा सकती है। संतोषजनक कार्यनिष्पादन के अध्यधीन संविदा अवधि पूरी होने के बाद एसडी जारी की जाएगी। संविदा के निष्पादन के दौरान, संविदा की अपेक्षाओं का पालन करने में विफल रहने पर एसडी को जब्त किया जा सकता है।

**5.4** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रावधान:

(क) अहर्ता मानदंड: एमएसई वेंडर को पुष्टि करनी चाहिए कि इस निविदा के तहत एमएसएमई वेंडर के रूप में अर्हक होने के लिए दिनांक 06.04.18 के परिपत्र संख्या F:No21(17) / 2016 के तहत मंत्रालय की अपेक्षानुसार यूएएन नंबर को सीपीपीपी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

(ख) एमएसएमई/ एनएसआईसी के साथ पंजीकृत सूक्ष्म एवं लघु विनिर्माण इकाइयों को ईएमडी के भुगतान से छूट दी गई है। एमएसएमई/ एनएसआईसी के साथ पंजीकृत लघु इकाइयों को अपनी बोली को विचारार्थ मान्य बनाने के लिए अपने वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी चाहिए।

(ग) निविदाओं में मूल्य कोटेशन के लिए प्राथमिकता: भाग लेने वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, जो अपना मूल्य एल1+15 प्रतिशत के मूल्य बैंड के भीतर कोट कर रहे हैं, को उस स्थिति में मूल्य को एल1 तक कम करके आवश्यकताओं के भाग की आपूर्ति करने की अनुमति होगी, जहां एल1 मूल्य सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से इतर किसी अन्य उद्यम का है। ऐसे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को निविदा प्राधिकारी द्वारा परिचालनिक व्यावहारिकता के आंकलन के अधीन संबंधित संयंत्र में ग्रेड के लिए कुल निविदागत मात्रा के अधिकतम 25 प्रतिशत तक की आपूर्ति करने की अनुमति होगी।

(घ) उपर्युक्त प्रावधान एमएसई द्वारा तैयार किसी सामग्री के खरीद के लिए हैं ना कि उनके द्वारा की गई किसी व्यापारिक गतिविधि के लिए।

6.0 <u>भुगतान की शर्तें:</u> हमारे संयंत्रों में सामग्री प्राप्त करने की तारीख से 30-90 दिनों (वैंडर निर्दिष्ट करेगा) के बाद सभी करों सहित 100 प्रतिशत भुगतान देय होगा। उच्चतर क्रेडिट अवधि निर्दिष्ट करने वाले वैंडरों को प्रचलित बीएल ब्याज दर के अनुसार मूल्य की गणना में लाभ (एडवांटेज) दिया जाएगा।

7.0 <u>आंशिक ऑर्डर/विभक्त ऑर्डर/बोली मूल्यांकन मापदंड</u>

कोई आंशिक/विभक्त ऑर्डर नहीं होगा। ऑर्डर मात्रा केवल स्थानवार, ग्रेडवार एल1 बोलीदाता को दी जाएगी। इनपुट कर क्रेडिट व बेस ऑयल क्रेडिट को हिसाब में लेने के बाद शुद्ध ऐडिटिव ट्रीट कॉस्ट के आधार पर एल1 दर की गणना की जाएगी।

8.0 <u>जोखिम खरीद</u>

ईमेल/फैक्स द्वारा कॉल-अप जारी होने के 15 दिनों के अंदर वैंडर द्वारा आपूर्ति करने में विफल रहने के मामले में, निविदा के अन्य उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बगैर और सूचना दिए बगैर

वेंडर के जोखिम और लागत पर वैकल्पिक स्रोत से उत्पाद को खरीदने का अधिकार और विकल्प बीएल के पास होगा और विभेदक लागत वेंडर के लंबित बिल (बिलों) से वसूली जाएगी।

**9.0** जीएसटी: बोलीदाताओं को जीएसटी, डोर डिलीवरी के फ्रेट प्रभारों और किसी अन्य प्रभार का अलग से स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

**टिप्पणी :** वेंडर को जीएसटी कानून के सभी प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा और जीएसटी कानून के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं करने के मामले में, बामर लॉरी भुगतान नहीं करने या भुगतान रोकने या वेंडर को काली सूची में डालने के अपने अधिकार का उपयोग कर सकता है।

10.0 परिशिष्ट/शुद्धिपत्र:

कोई संशोधन/शुद्धिपत्र, जब कभी अपेक्षित होगा, कंपनी की वेबसाइट www.balmerlawrie.com और ई-प्रोक्योरेमेंट साइट https://balmerlawrie.eproc/.in और भारत सरकार की संबंधित ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइटों पर अपलोड किया जाएगा, जिस पर यह निविदा जारी की गई थी और इच्छुक वेंडरों को अद्यतन जानकारी के लिए इन वेबसाइट को देखते रहना चाहिए।

11.0 **<u>मध्यस्थता</u>**

समझौते/संविदा के कारण या के संबंध में उत्पन्न किसी विवाद या मतभेद को बीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सी&एमडी) को भेजा जाएगा जो स्वयं एकमात्र मध्यस्थके रूप में इस पर कार्यवाही करेंगे या पक्षों के बीच (केवल उनको छोड़कर, जिनके संबंध में किसी व्यक्ति का निर्णय संविदा द्वारा अभिव्यक्त है और जो अंतिम और बाध्यकारी होगा) विवाद और मतभेद का फैसला करने के लिए मध्यस्थके रूप में बीएल के किसी अधिकारी को नामित कर सकते हैं। आपूर्तिकर्ता इन आधारों कि उक्त अधिकारी बीएल का अधिकारी है या कि बीएल के अधिकारी के रूप में कार्य करने के दौरान उसने विवाद या मतभेद के पूरे या किसी एक मामले पर अपनी राय प्रकट की थी, के आधार पर एकमात्र मध्यस्थ के रूप में बीएल के ऐसे अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति करने का हकदार नहीं होगा।

भारतीय मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 के उपबंधों और इसके तहत बनाए गए नियमों, जो वर्तमान में लागू हैं, के अधीन मध्यस्थ का फैसला अंतिम, संपूर्ण और समझौते के सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा।

मध्यस्थ द्वारा फैसला लिखित में तैयार किया जाएगा और संदर्भ देने के छह माह के भीतर या पक्षों द्वारा आपसी सहमति से बढ़ाई गई समयसीमा के भीतर प्रकाशित किया जाएगा। मध्यस्थ को पक्षों को उन सभी निदेशों का पालन करने, निरीक्षण करने और कार्यवाही करने के लिए आदेश और निर्देश देने का अधिकार होगा जो मध्यस्थ को इस तथ्य, के संबंध में जारी करने के लिए

उचित और सही लगे कि मध्यस्थता कार्यवाही स्वभाविक न्याय के सिद्धांतों पर पूरी तरह से निर्धारित अवधि में पूरी की जाएगी।

मध्यस्थ को विवाद और मतभेद के मामले में एक या अधिक फैसले, चाहे अंतरिम हो या अन्यथा, करने का अधिकार होगा और विशेषकर प्रत्येक दावे या पक्षों के दावों के मामलों में अलग फैसले देने का अधिकार होगा।

मध्यस्थ को किसी भी पक्ष को इस विधि या इस सीमा तक, जो मध्यस्थ अपने विवेक से तय करें, मध्यस्थता की लागत का भुगतान करने का निर्देश देने का अधिकार होगा और उसे मध्यस्थता के व्यय को पूरा करने के लिए ऐसे समानुपात में धनराशि जमा कराने के लिए एक या दोनों पक्षों को निर्देश देने का भी अधिकार होगा। मध्यस्थता के पक्षों को जब भी ऐसा करने के लिए कहा जाएगा, वे बगैर किसी विलंब के ऐसे निर्देश मानने के लिए बाध्य होंगे।

किसी अन्य कानून में निहित होने के बावजूद, पक्ष इसके द्वारा सहमत हैं कि केवल कोलकाता स्थित न्यायालयों में इस समझौते के अंतर्गत उत्पन्न किसी एक या सभी मामलों की सुनवाई होगी और इसमें नीचे दिए गए एकमात्र मध्यस्थ का फैसला या फैसले केवल कोलकाता के न्यायालयों में दायर किए जाएंगे।

12.0 **<u>विनियमों का अनुपालन</u>**

बोलीदाता आश्वासन देगा कि इस समझौते/संविदा में शामिल सभी मदों और सेवाओं का उत्पादन, बिक्री, आपूर्ति, प्रेषण, डिलीवरी और प्रस्तुति समय-समय पर लागू कानून, विनियमों, श्रम अनुबंधों, कार्य की दशाओं और तकनीकी संहिताओं और यथा लागू अपेक्षाओं के अनुसरण में की गई है। आपूर्तिकर्ता ऐसे अनुपालन को प्रभावी बनाने या स्पष्ट करने के लिए यथा अपेक्षित ऐसे दस्तावेज तैयार करेगा और प्रस्तुत करेगा।

इस चार्टर में शामिल करने के लिए अपेक्षित सभी कानून और विनियम इसके द्वारा इन संदर्भों द्वारा शामिल किए गए माने जाएंगे। बीएल और उसके अधिकृत प्रतिनिधि इस समझौते/संविदा में शामिल मदों/सेवाओं के विनिर्माण और/या आपूर्ति में किसी अनियमितता, किसी सांविधिक विनियम के उल्लंघन या अतिलंघन की जिम्मेदारी को अस्वीकार करते हैं।

13.0 **<u>अप्रत्याशित घटना</u>**

इसमें शामिल किसी भी पक्ष के निष्पादन में विलंब या विफलता को इसके तहत चूक नहीं माना जाएगा या क्षति, यदि कोई हो, के लिए कोई दावा नहीं किया जा सकेगा, यदि निष्पादन का ऐसा विलंब या विफलता का कारण कोई दैवीय कृत्य, किसी सरकारी या सरकारी प्राधिकारी की डिक्री, युद्‌ध, विद्रोह, तोड़फोड़ या आग, बाढ़, विस्फोट, दंगों या हड़ताल के कारण हों। वैंडर ऊपर बताई गई घटनाओं का रिकॉर्ड रखेगा और ऐसी घटना के 7 दिनों के भीतर इसकी लिखित सूचना क्रेता के संबंधित अधिकारी को देगा। यदि इनमें से किसी के कारण समयावधि, यदि कोई हो, की कोई बरबादी हुई है तो इसकी गणना संविदा अवधि में नहीं की जाएगी। वैंडर के साथ परामर्श करने के बाद क्रेता द्‌वारा लिया गया निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। क्रेता द्‌वारा वैंडर को बढ़ी हुई समयावधि के भीतर मदों की डिलीवरी करने में समर्थ बनाने के लिए इस समयावधि को बढ़ाया जाएगा।

जैसे ही अप्रत्याशित घटना के कारण को समाप्त किया जाएगा, प्रभावित पक्ष, जिसकी दायित्वों को पूरा करने की जिम्मेदारी है, ऐसे निवारण को अधिसूचित करेगा और दूसरे पक्ष को सूचित करेगा कि ऐसी प्रभावित गतिविधियों में वास्तविक विलंब हुआ है। कोई ऐसी घटना, जो अप्रत्याशित घटना है, जहां कहीं भी घटित होती है बशर्तें कि यह पक्ष को संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने से रोकती, प्रभावित करती है या विलंब करती है तो यह प्रभावित पक्षों के अप्रत्याशित घटना के दावे को उचित ठहराएगी।

14. **निविदा रद्‌द करना**

बीएल द्‌वारा स्वविवेक पर निविदा प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी अप्रत्याशित/अपरिहार्य परिस्थितियों या किसी अन्य कारण से निविदा को रद्‌द किया जा सकता है और बीएल इसके लिए आवेदकों को कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है।

अर्नब घटक
वरिष्ठ प्रबंधक (एससीएम)
बामर लॉरी एण्ड कंपनी लिमिटेड
एसबीयू - ग्रीसेस एंड लुब्रीकेंट्स
पी-**43,** हाइड रोड एक्सटेंशन
कोलकाता – **700 088**
फोन: +91 33 2450 0116
फैक्स: +91 33 24392277
ईमेल: ghatak.a@balmerlawrie.com

## <u>ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की शर्तें</u>

1.0 <u>बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>

बोलीदाता को नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके https://balmerlawrie.eproc/.in पर ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म पर निविदा के लिए बिड सबमिशन के जरिये अपनी बोली प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाता को https://balmerlawrie.eproc/.in पर ई-प्रोक्योरमेंट मार्केट प्लेस पर अपना पंजीकरण करना होगा और अपनी बोली ऑनलाइन सबमिट करनी होगी। निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी द्वारा ऑफलाइन बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। बोलीदाताओं को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर प्रदर्शित निविदा दस्तावेजों में विनिर्धारित मानक फार्मेट में अपनी योग्यता और पात्रता दस्तावेज, तकनीकी बोली, वित्तीय बोली आदि प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाताओं को अपनी पात्रता/तकनीकी बोलियों के समर्थन में सभी संगत प्रमाणपत्रों, दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां, यदि अपेक्षित हों, ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। बहरहाल, अधिक संख्या वाले दस्तावेजों को स्कैन करने और अपलोड करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इनकी भौतिक प्रतियां निविदा खुलने की तारीख से पहले निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी के कार्यालय में भेजी जानी चाहिए। बोलीदाता को उनके द्वारा अपलोड किए गए विवरणों, दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों पर हस्तारक्षर करने होंगे और उनकी सत्यता/प्रमाणिकता की जिम्मेदारी लेनी होगी।

2.0 <u>ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म पर पंजीकरण</u>

बोलीदाता पंजीकरण कराने और ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. के हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं या वे वेबसाइट: https://balmerlawrie.eproc/.in पर लॉगिन करके ऑनलाइन अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

3.0 <u>डिजिटल प्रमाणपत्र अधिप्रमाणन</u>

बोलीदाता को ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रानिक रूप में बोली प्रस्तुत करने के लिए अपने डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ बोली का अधिप्रमाणन करना होगा। बोलीदाता के डिजिटल प्रमाणपत्र

द्वारा अधिप्रमाणित नहीं की गई बोलियां ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म पर स्वीकार नहीं की जाएंगी। उन सभी बोलीदाताओं, जिनके पास डिजिटल प्रमाणपत्र नहीं हैं, को डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करने होंगे। वे सी1 इंडिया प्रा. लि. के हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि.
सी104, सेक्टर 2, नोएडा - 201301
संपर्क व्यक्ति का नाम :
श्री तुहीन घोष, फोन- 08981165071 : ईमेल: tuhin.ghosh@c1india.com
श्री तीर्थ दास, ईमेल : tirtha.das@c1india.com , फोन:
+91- 9163254290

4.0 हार्ड कॉपियाँ प्रस्तुत करना

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने से पहले यथा लागू कुरियर/ईमेल द्वारा ट्रीट लेवल को इंगित करते हुए तकनीकी दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ये ऑनलाइन निविदा खोलने से पहले हम तक पहुंच सकें।

5.0 निविदा के लिए शुद्धिपत्र

बोलीदाता को ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफार्म में समय-समय पर बोली आमंत्रण प्राधिकारी द्वारा जारी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को देखकर इसमें किसी बदलाव का पता लगाते रहना चाहिए। निविदाएं आमंत्रित करने वाली कंपनी इसके कारण उत्पन्न किसी दावे/समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

6.0 प्रस्तुत बोली की पावती

यूजर को बोली प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित सभी प्रक्रियाओं और चरणों को पूरा करना चाहिए। सभी प्रक्रियाएं और चरण पूरे करने के बाद, बोली सबमिशन नंबर के जरिये सिस्टम द्वारा पावती देने पर बोली सफलतापूर्वक जमा होने का पता लगाया जा सकता है। निविदा आमंत्रण प्राधिकारी और सी1 इंडिया प्रा. लि. यूजर द्वारा अधूरी बोली जमा करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। यूजर नोट करें कि अधूरी बोलियां सिस्टम में सेव नहीं होंगी और ये आगे की कार्यवाही के लिए निविदा आमंत्रण प्राधिकारी को उपलब्ध नहीं होंगी।

बोलीदाता को स्कैन किए गए दस्तावेज अपलोड करने से पहले उसके द्वारा अपलोड किए गए सभी विवरणों, दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करने होंगे और उनकी सत्यता/प्रमाणिकता की जिम्मेदारी लेनी होगी।